तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

10 क्रिकेट टूर्नामेंट पर खालसा वरियर्स ने किया कब्जा



11 क्रिकेट टूर्नामेंट पर खालसा वरियर्स ने किया कब्जा



# श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर की ब्रह्मचारिणी शक्ति की अराधना

*दूसरे दिन मां बाला सुंदरी के मेले में पहुंचे हजारों श्रद्धालु*

*मां के दूसरे नवरात्र पर हरियाणा की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मेले में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन किए। मौके पर श्रद्धालुओं ने ध्वज, नारियल व चुनरी समेत मां के श्रृंगार का सामान भेंट कर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना की।*

द्वितीय नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीय नवरात्र पर सोमवार को भी जिले भर के मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां के दूसरे स्वरूप ब्रह्माचारिणी की अराधना की। खास बात यह रही कि दूसरे नवरात्र पर यमुनानगर की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां को नारियल, चुनरी व अन्य सामग्री चढ़ाकर मां की पूजा अर्चना की। श्रीदुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित लछमन दास शास्त्री का कहना है कि ब्रहम में लीन होकर तप करने के कारण मां के दूसरे स्वरूप को ब्रह्माचारिणी कहा जाता है। मां का यह स्वरूप ज्योतिर्मयी एवं भव्य है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे विचारों का परिमार्जन करता है। नकारात्मकता से दूर कर हमारे भीतर सकारात्मकता का संचार करता है। हमें जीवन के कठिन संघर्षों में भी धैर्य, आशा व विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मां के इस स्वरूप की अराधना करने से व्यक्ति संकटो से मुक्ति पा लेता है।

## मां बाला सुंदरी के मंदिर में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की





यमुनानगर। ज्वाला माता मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइनों में खड़े हुए श्रद्धालु व मंदिर के बाहर से प्रसाद खरीदते हुए मां के भक्त। फोटो : हरिभूमि

### भजन कीर्तन में मां का किया गुणगान

मां के दूसरे नवरात्र पर जिले में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मॉडल टाउन में आयोजित भजन कीर्तन में मोंटी एंड पार्टी ने अपने भजनों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में अवैध खनन करने वालों पर जुर्माना

**पानीपत।** पानीपत जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि सोमवार को गांव गोयला कलां के पास अवैध रूप से दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को अपने कब्जे में लिया व उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के बाद सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों पर कुल 4 लाख 30 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है। इस मौके पर एएसआई अनिल, अशोक, खनन रक्षक नितेश आदि मौजूद रहे।

### इसराना में फंदे पर लटका मिला युवक

**इसराना।** पानीपत के गांव जौंधन कलां में 21 वर्षीय चाहत उर्फ आशू का शव उसकी दादी के घर के खाली पडे कमरे में फंदे पर लटका मिला। वहीं चाहत आईटीआई पास था और फैक्ट्री में नौकरी करता था। घटना की सूचना मिलने पर थाना इसराना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने जांच के बाद चाहत के शव का पोस्टमार्टम करवाया।

### घर में तीन चोरों ने चोरी की, पुलिस जांच में जुटी

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13-17 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संदीप वर्मा के घर में तीन चोरों ने आर्टिफिशियल ज्वेलरी चोरी कर ली। जिस वक्त चोर घर के भीतर थे, उसी समय संदीप मॉर्निंग वॉक कर वापस लौटा था। उसने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भागने के दौरान उसके पैर का मांस फट गया। चोर मौके से फरार हो गए। सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रोजेक्ट को दी हरी झंडी

# लाडवा में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन मंजिला बनेगा विश्राम गृहः सैनी

विश्राम गृह में डायनिग हॉल के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन मंजिला विश्राम गृह बनाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमति लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दे दी है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 16 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा। इस प्रोजैक्ट पर शीघ्र कार्य शुरू करने के आदेश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को देर सायं पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लाडवा हल्का में सडकों, गलियों, पीने के पानी, सीवरेज, सामुदायिक केन्द्रों, चौपालों सहित गांव और शहरों में समान रूप से छोटी और बड़ी परियोजनाओं पर तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। इस हल्का में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लाडवा में लोक निर्माण विभाग का पुराना विश्राम गृह है। इस विश्राम गृह के साथ ही विभागीय जमीन पर आधुनिक सुविधाओं से लैस नए विश्राम गृह का निर्माण करने के प्रोजेक्ट को अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा कि नया रेस्ट हाउस तीन मंजिला होगा, इसमें सीएम सूट सहित करीब 7 कमरों का निर्माण किया जाएगा। 70 लोगों की कैपेसिटी का आधुनिक सुविधाओं से लैस कॉन्फ्रेंस रूम का निर्माण भी इस विश्राम गृह में होगा। इस विश्राम गृह में डायनिग हॉल के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए गए है। अधिकारी जल्द अन्य औपचारिकताओं की टेंडर प्रक्रिया शुरू करेंगे।

- इस प्रोजेक्ट पर लगभग 16 करोड़ का बजट खर्च होगा

#### लाडवा में सीएम के साथ ये लोग रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी,भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, नपा अध्यक्षा साक्षी खुराना, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच उपस्थित थे।

#### सीएम ने भाजपा नेता गरजा सिंह की पत्नी के निधन पर व्यक्त किया शोक



कुरुक्षेत्र। शोक व्यक्त करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

**कुरुक्षेत्र।** सूबे के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गांव कौलापुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता गरजा सिंह कश्यप की पत्नी स्वर्गीय वर्षा रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। रविवार को देर सायं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता गरजा सिंह कश्यप के कौलापुर स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने भाजपा नेता गरजा सिंह, पुत्र अजय टोर, विजय, भाई जयचंद, सुकरमपाल कश्यप सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ने कहा कि स्वर्गीय वर्षा रानी के निधन से परिवार के लोगों को काफी क्षति पहुंची है। इसलिए परम पिता परमात्मा इस दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति दे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, अमरेन्द्र सिंह, हरमेश सैनी, सतबीर मंगौली, सतप्रकाश सैनी, ईश्वर कौशिक, देशराज कनीपला, निर्मल सिंह, बाबू सिंह सैनी, सोहन लाल रामगढ रोड, खेम सिंह आदि ने भी शोक व्यक्त किया।

### गिरफ्तारी का डर दिखाकर डराया

# साइबर ठगों ने ट्रांसपोर्टर से ठगे 13.25 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया

साइबर ठगों ने गिरफ्तारी का डर दिखाकर ट्रांसपोर्टर से 13 लाख 25 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के इंडस्ट्रियल एरिया निवासी उर्जित सिंह ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अपना ट्रांसपोर्ट है। 21 मार्च को उसके पास एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले युवक ने खुद को एसबीआई कस्टमर सर्विस का कर्मचारी बताया।

आरोपी ने उसे कहा कि उसके एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से एक लाख नौ हजार रुपए दिल्ली से स्वाइप किए गए हैं। जब उसने कहा कि उसके पास एसबीआई का क्रेडिट कार्ड नहीं है तो आरोपी ने उसे कहा कि उसके नाम से क्रेडिट कार्ड इशू हुआ है। जिस व्यक्ति ने उसके नाम से क्रेडिट कार्ड इशू करवाया हुआ है वह व्यक्ति उसके अकाउंट में फ्रॉड ट्रांजेक्शन कर रहा है। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे दिल्ली पुलिस हेडक्वाटर का नंबर दे रहा है । वह उस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसके बाद आरोपी युवक ने उसे मोबाइल नंबर दिया। जब उसने उस नंबर पर संपर्क किया तो फोन उठाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम मिस्टर कुंबले बताया। आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली हेड क्वार्टर से बोल रहा है। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसकी शिकायत दर्ज कर रहा है। आरोपी ने उसे हरीश कार्तिक नाम के व्यक्ति के बारे में बताया। आरोपी ने कहा कि हरीश कार्तिक नाम का यह व्यक्ति हवाला का कार्य करता है। उसके उसके लिंक है। आरोपी ने उसे अरेस्ट करने की धमकी दी। जिससे वह डर गया। इस प्रकार आरोपी कई दिन तक उससे बात करता रहा। इसके बाद आरोपी ने उसके सभी खातों की स्टेटमेंट मंगवाई। उसने आरोपी पर विश्वास करके बैंकों की स्टेटमेंट व्हाट्सएप कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसे एक अकाउंट नंबर दिया और उसे अकाउंट में 13 लाख 25 हजार सिक्योरिटी के रूप में जमा करवाने को कहा।

#### सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी

उसने डर के कारण आरोपी के दिए अकाउंट में 13 लाख 25 हजार आरटीजीएस कर दिए। इसके कुछ दिन बाद आरोपी का उसके पास फोन आया और आरोपी ने उसके व्हाट्सएप पर तीन व्यक्तियों के नाम भेजें।। उन व्यक्तियों के नाम आरबीआई बैंक का नोटिस था। आरोपी ने तीनों व्यक्तियों के आगे लिखी अमाउंट जमा करवाने को कहा मगर उसने पैसे जमा करवाने से मना कर दिया। इसके बाद उसने इस बारे में अपने दोस्तों से बात की। तब जाकर उसे अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चला। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

### इसराना ब्लाक में हुए करोडों के घोटाले की जांच ठंडी पड़ी

# पांच अधिकारी निलंबित, पांचों अधिकारियों के पदों पर नहीं हुई नई नियुक्ति, कामकाज प्रभावित

**इसराना।** पानीपत के इसराना ब्लॉक में सार्वजनिक सुविधाओं में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है। एक जनवरी को पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बीडीपीओ विवेक कुमार, सहायक सतपाल, लेखाकार दिनेश व जेई ब्रह्मदत्त व विनोद को निलंबित किया था। वहीं, इस घोटाले का खुलासा ब्लॉक समिति चेयरमैन हरपाल मलिक की शिकायत पर हुआ था। स्मरणीय है कि सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाली लोहे की बेंच, हैंड पंप और वाटर कूलर में करीब चार करोड़ का घोटाला सामने आया था।

#### तीन माह बाद भी जांच पूरी नहीं हुई

आरोपी अफसरों ने 23.85 लाख के गबन को स्वीकार किया, जिसे जिला परिषद सीईओ ने जमा करवाया। निलंबित अधिकारियों में बीडीपीओ विवेक कुमार, जेई ब्रह्म दत्त और विनोद, सहायक सतपाल और लेखाकार दिनेश शामिल हैं। वहीं तीन महीने बाद भी न तो जांच पूरी हुई है और न ही नए अधिकारी तैनात किए हैं। शिकायतकर्ता इसराना ब्लॉक समिति के अध्यक्ष हरपाल मलिक ने बताया कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि इसराना ब्लॉक समिति में हुए घोटाले की जांच किस अधिकारी को सौंपी गई है। कई पदों पर अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिससे जनता के काम काज प्रभावित हो रहे है।

# हरियाणा-यूपी सीमा पर यमुना में लगाए जाएंगे पिलर



पानीपत। जिला सचिवालय में उपायुक्त आदि अधिकारीगण बैठक करते हुए।

- वित्तायुक्त डॉ. सुमित्रा ने पानीपत के अधिकारियों के साथ की वीसी
- 30 जून तक पूरा होगा पिलर लगाने का कार्य

**पानीपत।** सूबे की वित्तायुक्त डॉ. सुमित्रा मिश्रा ने पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया आदि के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर हरियाणा व उप्र की सीमा पर यानि यमुना नदी के क्षेत्र में पिलरों को लेकर स्थिति की जानकारी ली। जानी। उन्होंने, डीसी डॉ वीरेंद्र से बात की व कितनी बाउंडरी पिलर लगने है व कितने लग चुके है तथा यह कार्य कितने दिन में सम्पन्न होगी की वर्तमान स्थिति जानी और इस मामले में 12 अप्रैल तक रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए। डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि पानीपत जिला की सीमा में 212 बाउंडरी पिलर लगने हैं। वहीं इस कार्य के टेंडर जल्द जारी हो जाएंगे। जबकि पिलर लगाने के कार्य 30 जून तक पूरा करने के लिए सशक्त प्रयास किए जाएंगे। डीसी डॉ दहिया ने, विभाग की इस सन्दर्भ में बैठक ली गई थी। जिसमें अधिकारियों को कार्य को लेकर दिशानिर्देश दिए थे। उन्होंने तीन महीने में इस कार्य को सम्पन्न करने का आश्वासन दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर के कार्यकारी अभियंता सावित पान्नु, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी मौजूद रहे।

# अंबाला में चेक का क्लोन तैयार कर खाते से साफ किए 9.90 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सौंटी गांव के रहने वाले रोशन लाल के चेक का क्लोन तैयार कर एक व्यक्ति ने खाते से 9 लाख 90 हजार रुपये निकाल लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रोशन लाल ने बताया कि वह गांव में ही टेलर मास्टर है। उसके खाते में करीब 16 लाख 3 हजार 850 रुपये की राशि थी। यह राशि बेटे को विदेश भेजने के लिए खाते में रखी हुई थी। 25 मार्च को किसी व्यक्ति ने एक चेक का क्लोन तैयार करके खाते से 9 लाख 90 हजार रुपये की राशि निकाल ली। हैरानी की बात यह है कि उसी दिन उसके मोबाइल फोन की सिम सेवाएं अपने आप बंद हो गई थी। न तो फोन से कॉल हो रही थी और न आ रही थी व मैसेज भी नहीं आ रहा था। 26 मार्च को नया सिम निकलवाया तो उसके राशि निकलने का पता चला। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने यह चेक किसी को नहीं दिया था। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जल्द ही आरोपी को काबू किया जाएगा।

### 12वीं का रिजल्ट आने से पहले फंदा लगा दी जान

**अंबाला।** अंबाला छावनी के तोपखाना परेड के रहने वाले 18 वर्षीय किशोर दिनेश ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता काम से लौटने के बाद घर पहुंचे तो देखा कि किशोर ने कमरे में चादर से फंदा लगा रखा था। तोपखाना चौकी पुलिस ने अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी एएसआई चांदी राम ने बताया कि किशोर ने अभी 12वीं के पेपर दिए थे। एक माह बाद परीक्षा का परिणाम आना था। परिजनों ने बताया कि परीक्षा देने के बाद से वह मायूस था। कई बार पूछने पर भी कुछ नहीं बताया था। मृतक किशोर के पिता राजेश व मां एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं।

### 14 अप्रैल को थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट का शुभारंभ करेंगे पीएम

# पीएम मोदी के आगमन से पहले बदलेगी यमुनानगर की सूरतः सिन्हा

- ट्विन सिटी के मुख्य मार्ग होंगे चकाचक
- नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों की बैठक लेकर 14 अप्रैल से पूर्व काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के निगम कार्यालय में आयोजित निगम अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा। फोटो : हरिभूमि

दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट यमुनानगर में नई यूनिट के शुभारंभ पर 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यमुनानगर में आगमन प्रस्तावित है। उनके आगमन पर तेजली खेल परिसर में कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व शहर की सूरत बदलने वाली है। शहर का सौंदर्यीकरण होगा। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने सोमवार को आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश दिए। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बैठक में अधिकारियों को 14 अप्रैल से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अभियंता शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुरुक्षेत्र यमुनानगर मार्ग, सहारनपुर रोड, अंबाला रोड, पुराना सहारनपुर रोड, जगाधरी पांवटा मार्ग, रेलवे रोड, गोविंदपुरी मार्ग, जिमखाना क्लब रोड व तेजली स्टेडियम तक आने वाले मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाएं। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करें। शहरी क्षेत्र में मार्गों पर कारपेट बिछाने का कार्य करें। बर्म समतल करें। टूटे हुए डिवाइडर ठीक करें।

डिवाइडर व ग्रिल पेंट कराएं। डिवाइडर पर लगे पुराने स्ट्रीट लाइट पोल पर एल्यूमीनियम पेंट कराएं। जो लाइट खराब है, उसे तुरंत दुरुस्त कराएं। ट्री गार्ड की पेंटिंग व पेड़ पौधों की ट्रिमिंग कराएं। सड़क किनारे सरकारी भवनों, अस्पतालों व अन्य भवनों की दीवारों पर वॉल पेंटिंग की जाए। मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइट पोल पर लगी तिरंगा लाइट दुरुस्त करें। जहां नहीं है वहां पर तिरंगा लाइट लगाएं।

#### तिरंगा चादर से सजेंगे चौक

निगम आयुक्त सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आगमन से एक दिन पहले शहर के शहीद भगत सिंह चौक, महाराजा अग्रसेन चौक, महाराणा प्रताप चौक समेत अन्य चौकों की फूलों व तिरंगा चादर से सजावट की जाए। जिमखाना क्लब रोड, शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक वर्कशॉप रोड को मॉडल रोड बनाएं। इसके लिए मार्गों को साइकिल ट्रैक, वॉल पेंटिंग व थर्मोप्लास्टिक पेंट से सुंदर सजाएं। तेजली खेल परिसर की चारदीवारी पर बाहर की तरफ स्वच्छता थीम और अंदर की तरफ खेल थीम से वाल पेंटिंग कर सजाया जाए। तेजली स्टेडियम तक लाल द्वारा रोड व तेजली रोड पर भवनों, घरों व दुकानों की दीवारों पर गुलाबी पेंटिंग की जाए।

### सड़क दुर्घटना में 8 वर्षीय बच्ची की गई जान

**कुरुक्षेत्र।** जीटी रोड पर गांव खानपुर कौलियां के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से 8 वर्षीय नैंसी निवासी गाव बराडा अंबाला की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने विजय कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया है। विजय कुमार ने बताया कि उसकी बहन सोनिया अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर मेरे पास गांव खानपुर कौलियां में आई थी। वह भांजी को साथ लेकर उषा माता मन्दिर में आया था। वापस एनएच 44 क्रॉस कर गांव आने लगा तो नैंसी ऊँगली पकड़कर हुए सड़क क्रॉस कर रही थी कि इतने में कार चालक अम्बाला की ओर से आया और सीधी टक्कर मारी जो सड़क पर जा गिरी और उसकी दाहिनी टांग बीच से टूट गई और सिर पर भी चोट आई उसे अस्पताल कुरुक्षेत्र में ले गए जहां मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को सम्मानित किया

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला कुटेल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक जोगिंदर मान ने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय आए अरमान, प्रियांशु, विशाखा, कशिश, शहनवाज, रितिका, गरिमा, ज्योति, लवया, आर्यन, समी, देविका, शिवम, प्रियांशी, पूर्वी और किंजन को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सतीश कुमार ने गांव से आए अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए कई निर्णय

**करनाल।** जिला सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आज यहां जिला सचिवालय सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें श्री जालुका ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला की अनाज मंडियों से जुड़े संपर्क मार्गों की प्राथमिकता से मरम्मत कराई जाये ताकि गेहूं सीजन में जिन्स लेकर मंडी पहुंचने वाले किसानों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस और वाहन की आरसी को रद्द किया जाए।

### डॉ. अभय सूद को मिला हॉल ऑफ फेम अवार्ड

**करनाल।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2024 -25 के लिए हॉल ऑफ़ फेम कार्यक्रम आयोजित हुआ। आई.एम.ए के पूर्व प्रधान डॉ रोहित सदाना की टीम ने इस अवार्ड के लिए डा. इकबाल, डा. ओ.पी मिगलानी, एवं डॉ. प्रमोद गर्ग तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया। कमेटी हर वर्ष एक सीनियर डॉक्टर को इस अवार्ड से नवाजते है। डॉ सूद ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में अर्पण किया। महावीर दल अस्पताल, निर्मल धाम, ब्लड कैम्पस, सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए मेडिकल कैम्प में अपनी सेवा समाज को दी है। करनाल में 1983 से डॉ सूद अपनी सेवाएं दे रहे है।

### भोलेनाथ और पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में आयोजित राम कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे राधेश्याम दुबे जी ने देवों के देव महादेव भोलेनाथ और पार्वती माता के विवाह प्रसंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर और पार्वती का विवाह श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। न तो श्रद्धा के बिना भक्ति होती है और न ही विश्वास के बिना भक्ति हो सकती है। इसलिए मनुष्य के जीवन में विश्वास और श्रद्धा का होना अति आवश्यक है। श्रद्धा हो तो पत्थर में

### हवन में आहूतियां डालकर की मंगल कामना

**करनाल।** भारत विकास परिषद की श्री राधाकृष्ण शाखा ने हिन्दू नववर्ष 2082 प्रतिपदा दिवस के अवसर पर सेवा भारती अर्जुन गेट के प्रांगण में छात्रावास विद्यार्थियों के साथ हवन यज्ञ का किया। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर सबके मंगलमय जीवन की कामना की गई।

### निगम पार्षदों को सकारात्मक सोच व ऊर्जा के साथ कार्य करने का दिया मंत्र

# महापौर रेणू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में पदभार किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

निकाय चुनावों में मेयर पद की हैट्रिक लगाने वाली रेणू बाला गुप्ता ने आज पूर्वान्ह नगर निगम कार्यालय में आकर, भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद के नारों व तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर इन्द्री के विधायक राम कुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीर पंथी, जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, करनाल भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल के अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा मौजूद रही। इस मौके पर विधायकों के साथ-साथ नगर निगम अधिकारियों व समर्थकों ने मेयर का बुके देकर स्वागत किया। इसके पश्चात नगर निगम कार्यालय के सभागार में स्वागत कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मेयर रेणू बाला गुप्ता व निगम पार्षदों का स्वागत करते हुए अपनी


**करनाल।** पदभार संभालने के बाद मेयर को बधाई देने भाजपाई। *फोटो : हरिभूमि*

शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने करनाल शहर के विकास की निरंतरता को बनाए रखने की उम्मीद जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेयर, पार्षद एवं निगम अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर मिलजुल कर कार्य करें। सभी स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ नगर निगम के तौर पर कार्य करें। असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने मेयर व निगम पार्षदों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर रेणू बाला गुप्ता ने उपस्थित सभी के धन्यवाद के साथ-साथ शहरवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम हाऊस जीरो टोलरेंस की नीति पर कार्य करेगा। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने भी महापौर एवं सभी पार्षदों का स्वागत किया। इसके पश्चात मेयर ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों से बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समय रहते निवारण किया जाए। इस अवसर पर


करनाल। मेयर को बधाई देते भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह व अन्य। *फोटो :*

### मेयर और विधायक विकास को लगाएंगे चार चांद

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह ने कहा कि करनाल में लगातार तीसरी बार मेयर बनी रेणु बाला गुप्ता और करनाल विधायक जगमोहन आनंद मतदाताओं की कसौटी पर खरा उतरकर चहुमंखी विकास करवाएंगे। करनाल अब अव्वल दर्जे की स्मार्ट सिटी बनेगा। सोमवार को मेयर रेणु बाला गुप्ता ने नगर निगम में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान त्रिलोचन सिंह अपने साथी नेताओं अशोक खुराना, राजिंद्र गुट, पमरजीत भारद्वाज, महिंद्र रोड़, गगन जुनेजा और अमित आहूजा के साथ मेयर को बधाई देने पहुंचे। इस दौरान करनाल विधायक जगमोहन आनंद भी मौजूद थे। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि करनाल की जनता ने रेणु बाला को तीसरी बार मेयर चुन कर करनाल का विकास करवाने की जिम्मेवारी सौंपी है।

नगर निगम के वार्ड 1 से पार्षद सुदेश रानी, वार्ड 4 से भोपेन्द्र नोतना, वार्ड 7 से जोगिन्द्र शर्मा, वार्ड 8 से संकल्प भंडारी, वार्ड 9 से सुजाता अरोड़ा, वार्ड 11 से संजीव मेहता, वार्ड 14 से अमृत लाल जोशी, वार्ड 18 हरजीत सिंह (लाडी संधू), वार्ड 20 से सुधीर यादव, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, राम नगर मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, बृज गुप्ता, वार्ड 12 से पार्षद प्रतिनिधि मोनिक गर्ग मौजूद रहे।

### वैष्णवी को मिला नेशनल यंग ऑथर्स अवार्ड



**करनाल।** करनाल की बेटी वैष्णवी ने लेखन के क्षेत्र में एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छात्रा वैष्णवी थपलियाल को नेशनल यंग ऑथर्स अवार्ड 2024-25 से सम्मानित किया गया है। ब्रिबुक्स द्वारा उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल करनाल में 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही वैष्णवी ने 'रिमझिम्स लाइट ऑफ लेगेसी' नामक अपनी दूसरी पुस्तक लिखी है। इसके लिए उन्हें 33वां स्थान प्राप्त हुआ। इससे पहले, उनकी पहली पुस्तक रिमझिम्स सेलेस्टियल सिम्फनी ने नेशनल यंग ऑथर्स अवार्ड 2023-24 में 42वां स्थान हासिल किया था। यह पुरस्कार समारोह अपैरल हाउस, गुरुग्राम में ब्री बुक्स पब्लिकेशन की ओर से आयोजित किया गया। ब्री बुक्स पब्लिकेशन के अधिकारियों ने कहा कि यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को उनकी रचनात्मक क्षमता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करें। वैष्णवी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, विद्यालय की प्राचार्या रूपा गोसाईं व अपने गुरुजनों को दिया है। खास बात यह रही कि अवार्ड लेते समय वैष्णवी ने विशेष तौर पर अपनी नानी डा. अनुसोया शर्मा को मंच पर आमंत्रित किया।



### सुभद्रा वृद्धा आश्रम में इंनवर्टर भेंट किया

**करनाल।** निर्भया फाउंडेशन सशक्त नारी संस्था की टीम सुभद्रा वृद्धा आश्रम में पहुंची। यहां बुजुर्गों से चर्चा करते हुए उनके अनुभव जाने और सार्थक जीवन के लिए प्रेरणा प्राप्त की। संस्था की ओर से आश्रम में इंनवर्टर भेंट किया गया। इस मौके पर संस्था की प्रधान मोनिका कपूर ने कहा कि सामाजिक कार्य करने के लिए निर्भया फाउंडेशन का गठन किया गया था। संस्था के सभी सदस्य इस तरह के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं। सुभद्रा वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की निस्वार्थ सेवा की जा रही है। यहां आकर बुजुर्गों से मिलकर बहुत सुकून मिलता है। संस्था का प्रयास रहेगा कि आगे भी इसी प्रकार से जनहित में नेक कार्य किए जाएं। इस मौके पर सुषमा कवात्रा, प्रवीण जोशी, सवी चौधरी, आभा बंसल व गुडिय़ा कथूरिया मौजूद रहे।

## क्रिकेट एकेडमी ऑफ नरवाल ने दिल्ली चैलेंजर को हराकर जीता फाइनल

- टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को ट्राफी के साथ साथ 51000 रूपए की नकद प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सुमित नरवाल वैलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से करनाल के निशान पब्लिक स्कूल में क्रिकेट एकेडमी आफ नरवाल द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर धूम सिंह की याद में दूसरे वोमेन क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच क्रिकेट अकादमी ऑफ नरवाल और दिल्ली चैलेंजर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।

इस मैच में दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 178 रन का लक्ष्य रखा।मैच में नरवाल एकेडमी की टीम के गेंदबाजों में से जानवी और नित्या ने 3-3 विकेट लिए। दूसरी और नरवाल एकेडमी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम की खिलाड़ी रिया भाटी 81 रन, अमीषा 35 रन एवं नंदिनी के 28 रन की बदौलत नरवाल एकेडमी ने 37 वें ओवर में ही लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच जीत लिया और टूर्नामेंट की चैंपियन बनी। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज पलक राणा को चुना गया वही सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और मैन ऑफ द टूर्नामेंट रीता कश्यप को मिला। टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को ट्राफी के साथ साथ 51000 रूपए की नकद प्रोत्साहन राशि और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को ट्राफी के साथ साथ 31000 रूपए नगद पुरस्कार दिया गया।



**करनाल।** विजेता टीम के खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। *फोटो : हरिभूमि*

### कालेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में अर्थशास्त्र विषय समिति द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चार टीमों के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यष्टि अर्थशास्त्र, समष्टि अर्थशास्त्र, भारतीय अर्थव्यवस्था तथा हरियाणा बजट से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता का संचालन एसोसिएट प्रो अनीता ने किया, जबकि अंतिम वर्ष की छात्रा सिमरन व पायल ने स्कोर लिखने और समय नोट करने की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के प्रथम स्थान पर प्रिंस, आर्य व सचिन की टीम, द्वितीय स्थान पर श्वेता, निधि व शिवानी की टीम, तृतीय स्थान पर भारती, मेघा व महक की टीम रही। विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## अग्रवाल समाज ने किया मेयर, विधायक और पार्षदों का जोरदार अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

समस्त अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में नव सम्वत 2082 अभिनंदन समारोह, नवनियुक्त मेयर रेणु बाला गुप्ता एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान समारोह तथा करनाल विधायक जगमोहन आनंद का आभार समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने समस्त अग्रवाल समाज का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज की ओर से विधायक जगमोहन आनंद और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का पगड़ी पहनाकर जो सम्मान गया है, यकीन दिलाती हूं कि सभी मिलकर करनाल के विकास के लिए कार्य करेंगे। अपनी जिम्मेवारी को जनता




की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए निभाएंगे। महाराजा अग्रसेन की नीतियों पर चलकर समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास की नीतियों पर काम किया जाएगा। समारोह के दौरान भजन गायकों ने ईश्वरीय गीत गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, तरावड़ी नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, घरौंडा नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, करनाल नगर निगम पार्षद सुदेश रानी, पार्षद बेबी पाल, पार्षद भूपेंद्र नोतना, पार्षद सुभाष कांबोज, पार्षद जोगिंद्र शर्मा, पार्षद संकल्प भंडारी, पार्षद संजीव मेहता, पार्षद मोनिक गर्ग, पार्षद रानी धानक, पार्षद हरजीत सिंह लाडी, पार्षद सुधीर यादव, पार्षद राजेश अघी, पार्षद ममता सैनी, पार्षद सुजाता अरोड़ा, पार्षद अमृतलाल जोशी, बृज गुप्ता, रमेश गुप्ता, गौतम जैन, सुनील गुप्ता, सुभाष कोच, राज कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

## गन कल्चर समाज के लिए ख़तरनाक है: अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गन कल्चर के गानों पर प्रतिबंध लगाने के सवाल पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि ऐसे गाने समाज के लिए बहुत गलत है। इससे समाज में नकारात्मक सोच बढ़ती है और युवा खुद को दिखाने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा जोश में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि गाने होना अच्छी बात है, लेकिन उनमें किसी भी प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। वे कर्ण लेक पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

रॉबर्ट वाड्रा के इस बयान पर कि ईडी उन्हें तंग कर रही है, पर अनिल विज ने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है और वह अपना काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ईडी केवल उन्हीं लोगों पर कार्रवाई करती है जिन्होंने गलत काम किए होते हैं। राहुल गांधी कुंभ में इसलिए नहीं गए, क्योंकि वहां पर लोगों को दिक्कत होती और राहुल गांधी धर्म की राजनीति नहीं करते, इस सवाल पर अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी अपने आपको क्या समझते है। कुंभ मेले में प्रधानमंत्री गए और सारे मुख्यमंत्री वहां पर गए, राहुल गांधी अपने आपको प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से भी उपर मानते है।

कांग्रेस संगठन को लेकर अनिल विज ने चुटकी लेते हुए कहा कि संगठन बनाने के लिए एक से अधिक लोगों का होना जरूरी होता है, लेकिन कांग्रेस में ऊपर से लेकर नीचे तक केवल एक ही व्यक्ति है और वह हैं राहुल गांधी। कांग्रेस में कोई और बचा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब केवल नाम मात्र की पार्टी रह गई है।

## करनाल जिले का गांव घोघड़ीपुर भी अब एलईडी लाइटों से होगा जगमग

- गांव की फिरनी पर लाइटें लगाने की प्रक्रिया हुई शुरू, ग्रामीणों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश सरकार की योजना के तहत शहर की तर्ज पर गांवों में भी एलईडी लाइटें लगाई जा रही है। करनाल जिले का गांव घोघड़ीपुर भी अब लाइटों से जगमग होने जा रहा है। गांव में लाइटें लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बलवान व सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने उद्घाटन कर लाइटें लगाने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बलवान ने बताया कि सरकार की योजना के तहत गांवों की फिरनी पर एलईडी लाइटें लगाई जा रही है। जिले के सभी गांवों में शहर की तर्ज पर सुविधाएं दी जानी हैं। जिले की 395 ग्राम पंचायतों में कुल 435 गांव पड़ते हैं। पहले चरण में पांच हजार आबादी वाले गांव का चयन किया गया है। दूसरे चरण में अन्य गांवों में भी एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद वार्ड-11 के अंतर्गत आने वाले गांव जुंडला व नरूखेड़ी में लाइटें लगाई जा चुकी है और अब गांव घोघड़ीपुर में इसकी शुरुआत की गई है। फिरनी पर लाइटें लगने से गांवों में रोशनी रहेगी। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। वहीं सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने कहा कि एलईडी लाइटों के लगने से गांव जगमग हो उठेगा और ग्रामीणों को सुविधा होगी। गांव में लाइटें लगने की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर अशोक शर्मा ने विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का आभार जाया है।



## मंडी में गेहूं खरीद में नही आने देगे समस्या : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने कहा कि मंडी के आड़तियों की प्रत्येक मांग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के किसानों और आड़तियों की समस्याओं से पूरी तरह से वाकिफ है इसलिए इस बार रबी फसलों की खरीद को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह से सजग है। वह तरावड़ी अनाज मंडी में आढ़ती एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसका आयोजन संगठन के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता द्वारा किया गया था। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने कहा कि अनाज मंडी के आड़तियों की प्रत्येक मांग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल ही में बूथों के लाइसेंस के नवीनीकरण का मुद्दा भी विधानसभा में उठाया है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इसका स्थाई समाधान करेगी। इस मौके पर उन्होंने मंडी के सचिव संजीव सचदेवा को तुरंत निर्देश दिए की मंडी में सुरक्षा व्यवस्था चाक चोबंद की जाए। उन्होंने मंडी में मौजूद खरीद एजेंसी के अधिकारियों को भी निर्देश दिए।रबी सीजन की फसलों की खरीद को लेकर तरावडी की अनाज मंडियों में समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं। अनाज मंडियों से फसलों के उठान में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ट्रांसपोर्ट 3 घंटे के भीतर निर्धारित समय के अनुसार गाड़ी उपलब्ध नहीं कराएगा तो उसे पैनल्टी लगाई जाए।

## विधायक ने सुनी हलके के लोगों की समस्याएं, समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर हलके के गांवों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके समाधान के लिए प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि जनता का जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों का शीघ्र समाधान करवाना उनकी सबसे पहली और बड़ी प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम में उनके समक्ष गांव रम्बा निवासियों ने गांव में बारात घर का


**इंद्री।** जनसुनवाई कार्यक्रम में शिकायत सुनते विधायक। *फोटो : हरिभूमि*

निर्माण एवं निर्मल कुटिया में सैड डलवाने, कुराली निवासियों ने मंदिर में लंगर हाल बनवाने, कलसौरा निवासी संजीव पुत्र मामू राम ने आर्थिक सहायता दिलवाने, खुखनी निवासी रूपलाल ने जमीन की तकसीम करवाने, सीमा देवी पत्नी गुलजार सिंह निवासी कलसौरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाने, गांव गुढा निवासी सोहन लाल ने बुढ़ापा पैंशन लगवाने, फूसगढ़ निवासियों ने गली

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए

## श्री राम कथा कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

विक्रमी संवत 2082 के नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी की ओर से तीस मार्च से 6 अप्रैल तक महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन आज से शुभारंभ हुआ। पहले दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे मदनलाल सचदेवा समाजसेवी ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया।

श्री राम कथा इस कार्यक्रम में श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी ने पहले


**तरावड़ी।** कथा में प्रवचन सुनते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

दिन की कथा ने कहा जो भक्त गुरु और श्री राम का नाम लेते दूर कर देती है। उन्होंने कहा जब हमारे जीवन में सत्संग का आगमन होता है तब हमारा मिलन प्रभु एवं भक्ति से होता है। उन्होने कहा कि सत्संग दो शब्दो के सुमेल से बना है सत व संग, सत का भाव ईश्वर एवं संग का भाव मिलाप। अर्थात जब तक हम ईश्वर से नहीं मिल पाते, उसका साक्षात्कार नहीं कर लेते तब तक जीवन में सत्संग नहीं हो सकता। क्योंकि


**तरावड़ी।** प्रवचन देते कथावाचक।

सत्संग मात्र बातें या चर्चा का विषय नहीं वरन् सम्पूर्ण व्यवहारिकता है। हमारे जीवन में वास्तविक सत्संग तब घटित होगा जब हम उस एक अर्थात ईश्वर को जान लेगें। परन्तु अब यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि ईश्वर से कौन मिलाएगा मात्र गुरू, क्योंकि वो ही है जो हमारे तम को तिरोहित कर हमारे घट में ईश्वर का अपरोक्ष अनुभव करवा सकता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनहोने अपने श्री राम कथा के प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कथा में समाजसेवी मदनलाल सचदेवा, हंसराज पाहुजा, अध्यक्ष सतपाल सचदेवा, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष अमन शर्मा, बालकिशन त्रिपाठी, बिट्टू सरदाना, सुरेंद्र खुराना पार्षद, अजय सचदेवा आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटका मिला युवक

**इसराना।** पानीपत के गांव जौंधन कलां में 21 वर्षीय चाहत उर्फ आशू का शव उसकी दादी के घर के खाली पडे कमरे में फंदे पर लटका मिला। वहीं चाहत आईटीआई पास था और फैक्ट्री में नौकरी करता था। घटना की सूचना मिलने पर थाना इसराना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने जांच के बाद चाहत के शव का पोस्टमार्टम करवाया और इस मामले में आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर में तीन चोरों ने चोरी की

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13-17 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संदीप वर्मा के घर में तीन चोरों ने आर्टिफिशियल ज्वेलरी चोरी कर ली। जिस वक्त चोर घर के भीतर थे, उसी समय संदीप मॉर्निंग वॉक कर वापस लौटा था। उसने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भागने के दौरान उसके पैर का मांस फट गया। जिसका फायदा उठाकर चोर मौके से फरार हो गए। संदीप की शिकायत पर सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा के साथ चोर पकड़ा

**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर 29 की कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने कमल पुत्र राजेराम निवासी गांव खातला जिला जींद हाल निवासी लाठर कालोनी, सौदापुर पानीपत को चोरी की ई-रिक्शा के साथ पकड़ा है। थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि इस मामले में राजेश पुत्र रणधीर निवासी आठ मरला सिटी केबल रोड पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लूट के दो आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने सूरज उर्फ मोटा पुत्र करिया निवासी एकता विहार कालोनी, उझा रोड व शिवम उर्फ हाडला पुत्र मदनलाल निवासी संत नगर उझा रोड पानीपत को मृत्युंजय झा पुत्र नवल किशोर झा निवासी विकास नगर से 25 हजार की नगदी, मोबाइल फोन आदि लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले में झा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर की सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जिम्मेदार दृष्टिकोण के साथ ही आम जन की समस्याओं का समाधान हो सकता है। अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से ले व बार-बार विचार करें व उचित निर्णय लेकर इनका समाधान करें। अधिकारी बहुआयामी रणनीति से कार्य करें व शिकायतकर्ताओं को पूरी तरह प्रोत्साहित करें। अधिकारियों की निष्पक्षता, ईमानदारी के मूल्यों की झलक उनके प्रतिनिधित्व में दिखाई देनी चाहिए।

### महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

**पानीपत।** पानीपत की रोड धर्मशाला में हरियाणा सरकार में मुख्य सचेतक रामकुमार का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुनाथ तंवर कश्यप ने की। रामकुमार कश्यप ने कहा कि 24 मई को महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर रामकुमार कश्यप, दरियाव सिंह कश्यप, लख्मी कश्यप, प्रेमवती कश्यप, तेजपाल कश्यप, सेम सिंह कश्यप, दयाराम नंबरदार, राजपाल कश्यप, सुलतान कश्यप, ब्रह्मपाल कश्यप, सत्येंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव होना जरूरी

**पानीपत।** भारत को सन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव होना जरूरी है। ये शब्द डॉ.राजबीर आर्य ने एकता क्लोनी स्थित सांई बाबा मंदिर सभा के सेमिनार में बोलते हुए कही। बार-बार चुनाव होने से देश का विकास अवरुद्ध होता है। हम सब एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम के आयोजक सत्यनारायण गुप्ता रहे।

---

मंत्री, विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष व पार्षद रहे उपस्थित

# जनसेवा के संकल्प के साथ कोमल सैनी ने मेयर पद ग्रहण किया

■ सभी ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने द्वितीय नवरात्र के शुभ अवसर पर विधिवत समारोह में रेलवे रोड वाले निगम कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। वहीं कोमल को पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और नगर निगम आयुक्त पंकज यादव, पार्षदों, भाजपा के पदाधिकायों आदि ने



पानीपत। मेयर कोमल को पदभार ग्रहण करवाते हुए मंत्री कृष्ण पंवार, विधायक प्रमोद विज व मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो :हरिभूमि

उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जबकि ब्राहमणों ने श्री सनातन विधान के अनुसार मंत्रोच्चारण करते हुए मेयर कोमल सैनी को अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने का आशीर्वाद दिया। जबकि मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मेयर कोमल सैनी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता और सरकार के बीच कोई सीमा रेखा नहीं होती। कोई भी फरियादी किसी भी वक्त अपने निकट के जन प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने का अधिकार रखता है। लोगों की स्थानीय समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए ही नगर निगम और नगर पालिकाओं की लोकल बॉडी स्थापित की गई हैं। इसलिए लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि महापौर का पद अत्यधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील होता है। सैंकड़ों नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रतिदिन कार्यालय में आते हैं इसलिए सभी जन प्रतिनिधि और सभी अधिकारी जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करें। यदि उनके समक्ष यदि कोई गंभीर समस्या आ रही है तो जिला प्रशासन के माध्यम से हरियाणा सरकार के संज्ञान में लाए। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहर की सभी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं जिन पर विकास कार्य तेजी से चल रहा है। अब नगर निगम के सहयोग से इन योजनाओं को समय से पूर्व पूरा करने में और अधिक मदद मिलेगी। समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने भी मेयर कोमल को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इधर, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने संगठन की ओर से मेयर कोमल को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मेयर कोमल ने कहा कि भाजपा मेरी मां है और वे पार्टी के सिद्धांतों, कल्याणकारी नीतियों और समाज सेवा के कार्यों को पूरा करवाने के लिए धरातल पर ठोस प्रयास करेगी।



पानीपत। मेयर कोमल सैनी को आशीर्वाद देते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

## शिक्षण कार्य में निजी स्कूलों से आगे निकले राजकीय विद्यालय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हरियाणा में तेजी से लागू किया जा रहा है

हरियाणा के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने दावा किया कि सूबे के सरकारी स्कूल शिक्षण कार्य व अन्य सुविधाओं के मामले में प्राइवेट स्कूलों से आगे निकल चुके है। राजकीय स्कूलों में सभी सुविधाओं को बढ़ा दिया गया है।

ढांडा ने प्रदेश के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में एडमिशन दिलवाए।

राजकीय स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और अभिभावकों की अपने बच्चों की पढ़ाई पर खर्च भी नाम मात्र का रही करना पडेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सूबे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर दिया है। हायर सेकेंडरी के अंदर 100 फीसदी कर दिया है, सेकेंडरी में 300 में से 200 को हमने कवर कर लिया है। नए सेशन में ट्रांसफर की बात हो, अतिथि अध्यापक, वोकेशनल या टेक्निकल अध्यापकों की बात हो, सभी की अब मीटिंग लेकर समस्याओं के निवारण करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पानीपत के प्रियांशु ने राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदजी में जीता स्वर्ण पदक

■ प्रियांशु के पानीपत रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

एनवी आर्चरी अकादमी के प्रियांशु ने गुंटूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित 14वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में हरियाणा के लिए स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, प्रियांशु के पानीपत रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर खेल प्रेमियों, आर्चरी अकादमी के खिलाड़ी, कोच आदि ने प्रियांशु को का फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों



पानीपत। एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रियांशु का स्वागत करते खेल प्रेमी। फोटो :हरिभूमि

और जोशीले नारों के साथ भव्य स्वागत किया। पानीपत जिला तीरंदाजी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने कहा कि प्रियांशु, विश्व स्तर पर भारत के लिए मेडल जीतेगा। प्रियांशु के पिता जसबीर व कुसुम के साथ सैकड़ों लोगों ने प्रियांशु को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के माध्यम से आगे बढ़ रहा है भारत : तायल

■ पाइट में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, आइआइटी व डीक्रस्ट विद्यार्थी ले रहे ट्रेनिंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा**

विश्व इस समय चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर से गुजर रहा है। यह संभव हो रहा है आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के माध्यम से। विद्यार्थी जब तक प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा हासिल नहीं करेंगे, तब तक तकनीक को समझ नहीं सकेंगे। यह बात पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कही। दरअसल, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन



समालखा। पाइट में सर्टिफिकेट ग्रहण करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

इंजीनियरिंग विभाग ने आइहब दिव्यसम्पर्क, आइआइटी रूड़की और डीक्रस्ट मुरथल के सहयोग से बिल्डिंग द फ्यूचर : आइओटी, सेंसर्स और एमआइ/एमएल फॉर इंडस्ट्री 4.0 शीर्षक से पांच दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम किया। यह विशेष पहल अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए की गई। छात्रों को चौथी औद्योगिक क्रांति की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। राकेश तायल ने बताया कि 210 छात्रों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 110 छात्र एससी श्रेणी से थे। समाज के सभी बच्चे जब कुशल होंगे, तो निश्चित ही भारत विकसित होगा। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अकादमिक और उद्योग के बीच की खाई को दूर करते हैं। छात्रों को आज के तकनीकी-प्रेरित रोजगार बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करते हैं। डीन डॉ. जेएस सैनी ने प्रैक्टिकल शिक्षा का महत्व बताया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज अरोड़ा ने कहा कि छात्रों द्वारा विकसित किए गए प्रोजेक्ट इस बात का प्रमाण हैं कि इस तरह के केंद्रित प्रयासों से अपार संभावनाएं खोली जा सकती हैं। छात्रों ने स्मार्ट सिस्टम डिजाइन का कौशल प्राप्त किया। अश्विनी ने प्रोजेक्ट-आधारित अधिगम पर फोकस किया।

## पुलिस के नौ अधिकारी व कर्मी हुए रिटायर

■ पुलिस विभाग की ओर जिला सचिवालय में समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत जिला पुलिस से नियुक्त आनरेरी इंस्पेक्टर विष्णु दत्त, रामनिवास व जसमेर सिंह, ईएसआइ रामनिवास, शक्ति सिंह, रामरतन, हरिदत्त, सिपाही भीम सिंह व वाटर करियर बोम्ब बहादुर सोमवार को पुलिस विभाग की सेवा से रिटायर हो गए। उपरोक्त सभी को पुलिस विभाग की ओर जिला सचिवालय में समारोह का



पानीपत पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को विदाई देते हुए डीएसवी सतीश वत्स। फोटो :हरिभूमि

आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। डीएसपी सतीश कुमार वत्स ने विदाई समारोह के दौरान सभी को उपहार, सम्मान व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर पुलिस प्रवक्ता एएसआई नरेन्द्र राणा, एसआई सुशील मलिक व जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी ब्रांचों के इंचार्ज व तैनात पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

## गांव मनाना में पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे का मामला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा**

■ हाईकोर्ट ने एसीएस, डीसी, एसडीएम डीडीपीओ, बीडीपीओ, सरपंच को अवमानना का नोटिस जारी किया

पानीपत के गांव मनाना की पंचायती जमीन से अवैध कब्जे न हटाने पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मनाना गांव की सरपंच रेखा शर्मा, बीडीपीओ व एसडीएम समालखा, डीडीपीओ व उपायुक्त पानीपत, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी व तत्कालीन मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी कर दिया है। वहीं, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को करेगा। इधर, शिकायतकर्ता धर्मवीर शर्मा ने गांव में पंचायत की जमीन पर हुए कब्जे को खाली करवाने के बारे में सन 2018 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उक्त याचिका में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार से पंचायती जमीनों पर हुए अवैध कब्जों से संबंधित स्टेट्स रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें पूर्व में मुख्य सचिव हरियाणा ने कोर्ट में रिपोर्ट में सौंपी कि काफी कोशिशों के बाद भी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हो सका है। इधर, गांव मनाना में अवैध कब्जों पर धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके चलते इस मामले में हाईकोर्ट अवमानना की याचिका दायर की गई थी। शिकायतकर्ता की याचिका पर हाईकोर्ट ने तथ्यों को सही मानते हुए संज्ञान लेते हुए संबंधी अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## धूमधाम से मनाया ईद पर्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में ईद पर्व धूमधाम से मनाया गया। जायरिनों ने ईद की नवाज अता कर सुख व समृद्धि की अल्लाह से दुआ की। जबकि एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी। इधर, ईद पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिया रहा। इधर, पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार आदि ने मुस्लिकों के घरों पर जाकर ईद पर्व की बधाई दी। दूसरी ओर, जायरिनों ने दरगाह कलंदर साहब में ईद की नमाज पढ़ी



पानीपत। ईद पर्व पर जायरिनों के साथ मंत्री कृष्ण लाल पंवार आदि। फोटो :हरिभूमि

गई। ठीक उसी प्रकार से अलग अलग मस्जिदों वा ईदगाह में अलग-अलग समय पर नमाज अता की गई। नमाज के बाद देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। उसके बाद दरगाह में खीर बांटी गई।

### गरीब व पिछड़ों के मसीहा थे ओपी जिंदल : गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान एवं पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता सचिन गुप्ता एडवोकेट ने कहा है कि स्व. ओमप्रकाश जिंदल दलित, गरीब व पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने इन वर्गों के लिए अनेकों कार्य किए और उनके उत्थान के लिए अनेकों कल्याणकारी नीतियां बनाने का काम किया। उनके मन में गरीबों के प्रति जो पीड़ा थी, उसको समझा और जीवन के आखिरी समय तक गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। उनकी कार्यशैली से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। वे स्व. ओमप्रकाश जिंदल की पुण्यतिथि के अवसर पर जिंदल पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के दौरान संबोधित कर रहे थे।

## अमंगल से मंगल की प्रेरणा हैं नवरात्र पर्व : स्वामी ज्ञानानंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा के कल्याण नगर स्थित निवास स्थान पर दूसरे नवरात्रे सोमवार को प्रातः सत्संग आयोजित किया गया। रूद्राश शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सत्संग में सुनील वत्स, पवन गुब्बंर, रामकुमार शर्मा, नवीन भारद्वाज तथा रतन रसिक द्वारा गाए गए भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजनों पर ठाकुर जी की युगल जोड़ी के सामने श्रद्धालु खूब जमकर नाचे। सत्संग में थानेसर



कुरुक्षेत्र। रामपाल शर्मा के परिजनों को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी।

के विधायक अशोक अरोड़ा भी विशेष रूप से शामिल हुए और गीता मनीषी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कार्यक्रम** विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान के आधार को बढ़ाया और उन्हें बचत के महत्व को समझाया

## वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन करने में मदद करती है वित्तीय शिक्षा

■ एसडी कॉलेज में वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए वित्तीय शिक्षा, निवेशक जागरूकता व साइबर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए वित्तीय शिक्षा, निवेशक जागरूकता और साइबर धोखाधड़ी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता विश्वदीप शर्मा सेबी स्मार्ट प्रशिक्षक ने शिरकत की और विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान के आधार को बढ़ाया और उन्हें बचत के महत्व को




पानीपत। एसडी कॉलेज में अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मेजबान। फोटो :हरिभूमि

समझाया। मंच संचालन डॉ दीपिका अरोड़ा मदान ने किया। मेहमान का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, डॉ पवन कुमार और वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों ने किया। कार्यशाला में एमकॉम, बीकॉम, बीकॉम आनर्स और बीबीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने विश्वदीप शर्मा से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। विदित रहे कि विश्वदीप शर्मा वित्तीय शिक्षा संसाधन व्यक्ति (एफईआरपी) एवं प्रमाणित प्रशिक्षण संकाय के रूप में वित्तीय शिक्षा और निवेशक जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के लिए सेबी के स्मार्ट ट्रेनर के साथ सूचीबद्ध है और इस क्षेत्र में विश्वदीप का लम्बा अनुभव है।

वहीं, शर्मा ने कहा कि वित्तीय शिक्षा, निवेशक जागरूकता और साइबर धोखाधड़ी वर्तमान युग में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गए हैं। वैश्वीकरण और डिजिटल प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ लोगों की वित्तीय आदतों में भी बदलाव आया है। हालांकि इन परिवर्तनों ने नए अवसरों के साथ-साथ कई जोखिम भी प्रस्तुत किए हैं जिनमें साइबर धोखाधड़ी प्रमुख है।

वित्तीय शिक्षा का तात्पर्य उन कौशलों और ज्ञान से है जो किसी व्यक्ति को अपने वित्तीय संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में सहायता करता हैं और इसमें बजटिंग, निवेश, ऋण प्रबंधन, कर योजना और धन संचय जैसी अवधारणाएं शामिल होती हैं।

### पंचकूला में निःशुल्क चिकित्सा कैंप 6 से

**कुरुक्षेत्र।** डॉक्टर वसुंधराज होम्योपैथी एडवांस होम्योपैथिक हेल्थकेयर सेंटर द्वारा विश्व होम्योपैथी सप्ताह मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी सप्ताह के तहत ग्लोबल इवेंटस ऑगेनाईजेशन ट्रस्ट एवं वैली पब्लिक स्कूल पंचकूला द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्तिक विहार पंचकूला स्थित डॉक्टर वसुंधराज होम्योपैथी एडवांस होम्योपैथिक हेल्थकेयर सेंटर एवं वैली पब्लिक स्कूल में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक निशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। ग्लोबल इवेंटस ऑगेनाईजेशन ट्रस्ट की उत्तरी भारत डाक्टर सैल की प्रधान डा. वसुंधरा ने बताया कि कैंप में मरीजों को परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन विधिवत रूप से हो गया। इस दौरान कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सिरसगढ़ के सरपंच रामनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जयभगवान ने शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह के दौरान, स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्वयंसेवकों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सुरों की जुगलबंदी से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**बराड़ा।** एमएम यूनिवर्सिटी में आयोजित एआईयू इंटर-यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल रंग-ए-कव्वाली 2024-25 का शानदार समापन हुआ। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ (एआईयू) के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव ने देशभर के युवा कलाकारों को कव्वाली की समृद्ध परंपरा को सहेजने और उसे उत्सव के रूप में मनाने का अवसर प्रदान किया। इस सांस्कृतिक उत्सव में 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के 180 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों व सामूहिक सुरों की जुगलबंदी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### स्नेचिंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी बॉबी, नीरज उर्फ नोनी व पंकज को गिरफ्तार किया है। गांव शाहपुर के परमानंद ने 29 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव शाहपुर में आरोपियों ने उससे नकद राशि व मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सड़क दुर्घटना मामले का आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार को शामिल जांच किया है। खानपुर के रहने वाले दीपक कुमार ने 17 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि महेशनगर में आरोपी चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### लड़ाई-झगड़े में आरोपी जांच में शामिल किया

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकित को शामिल जांच किया है। मुलाना के आदित्य ने 13 मार्च को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अंकित व अन्य ने उससे मारपीट करते चोट पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सफाई कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन

**अंबाला।** डोर टू डोर कूड़ा उठान वाले अस्थाई कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन न मिलने सोमवार छावनी ना कार्यालय के गेट पर नारेबाजी कर रोष जताया। काम छोड़कर कर्मचारियों ने पहले तो छावनी के मुख्य बाजारों से रोष निकाला और नप अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना था कि पिछले तीन माह से वह वेतन के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।

---

मीठी सेवइया खाकर एक दूसरे को दी बधाई

# ईद उल फितर पर उल्लास, नमाज अदा करके मांगी अमन और शांति की दुआ

### सभी मस्जिदों में एक दूसरे को बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

सोमवार को पूरे जिल में ईद-उल-फितर का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी प्रमुख मस्जिदों में मस्जिद तवक्कल शाह (जामा मस्जिद), मस्जिद लक्खी शाह, मक्का मस्जिद, मस्जिद ईदगाह, मस्जिद कचहरी, जंडली मस्जिद, बादशाही मस्जिद, रेलवे रोड मस्जिद में ईद की नमाज अता हुई। देश में अमन व शांति के लिए दुआ की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन सोसायटी के जिला प्रधान सैयद अहमद खान ने तकरीर करते हुए बताया कि इस्लामी त्यौहार मानवता की सेवा व संदेश लेकर आते हैं। साथ ही समाज साफ-सुथरा बनाते हैं। खान ने कहा कि ईद-उल-फितर का त्यौहार ईद से पहले एक महीने तक मुसलमान रोज़ा (व्रत) रखते हैं जो एक महान तपस्या है। यह अल्लाह ताला की ओर से रोजे का बदला ईद के तौर पर देता है। इस्लाम में समाज में सहानुभूति पैदा करने के लिए मानव मैत्री का संदेश दिया है इसलिए इस्लाम में सदका-फितर नाम का एक नियम बनाकर विधवाओं, गरीबों, अनाथों और बेसहारा लोगों को संदेश दिया है। ताकि ये गरीब लोग भी ईद की खुशी में इनके साथ शामिल हों। सदका फितर उस पर बंदे पर लागू होता है जिसके पास 640 ग्राम चांदी या 86 ग्राम सोना हो। इसके तहत घर के प्रत्येक सदस्य की ओर से दो किलो गेहूं या उसकी कीमत गरीब लोगों को देनी जरूरी है। इस नियम का उद्देश्य रोजों में होने वाले किसी कमी को दूर करना है। सैयद अहमद खान ने कहा कि सही मायनों में ईद का त्यौहार तभी सार्थक होगा जब हम इस दिन आपसी रंजिश भुलाकर सभी को अपने गले लगाकर, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर की दूरियों को समाप्त कर दें। उन्होंने की ईद का त्यौहार पर मीठी सेवइयां खाने से जुबान और दिल दोनों में मिठास भर जाती है। उन्होंने कहा कि ईद से साथ नवरात्रि का त्यौहार भी चल रहा है। जोकि समाज के सभी लोगों को आपस में भाईचारे के साथ रहने का संदेश देता है। मुफ्ती मोहम्मद शहबाज कासमी, कमरुल इस्लाम, नासिर हुसैन, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।



अंबाला। ईद के मौके पर अमन शांति के लिए नमाज अदा करते बच्चे व अन्य लोग।



### बादशाही मस्जिद में अदा की नमाज



अंबाला। ईद के मौके पर एक दूसरे को बधाई देते मुस्लिम समाज के लोग।

**अंबाला।** अंबाला शहर की बादशाही मस्जिद में रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ईद-उल-फितर पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। सोसायटी के प्रधान मेराज आलम ने बताया कि कि मुस्लिम समाज के लोगों ने बादशाही मस्जिद में नमाज अता करके अल्ला ताला से बरकत तथा विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद पर्व की बधाई दी। मेराज अलाम ने कहा कि ईद का त्योहार हमें भाईचारे का संदेश देता हैं जिससे मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा मिलती है। जो मुस्लिम समुदाय का व्यक्ति दूसरे धर्मों को आदर नहीं करता वह सच्चा मुसलमान नहीं है। उन्होंने सभी मुस्लिमों को बुराई के रास्ते को त्यागकर अच्छाई के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। साथ ही ईद के पकवान सेवईयां का लुत्फ उठाया। इस मौके पर शाहिद खान, इकरामुद्दीन मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नौशाद, इसरार खान, वाहिद, अमीन, मोहम्मद नूर, आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, मोहम्मद उवैश, मोहम्मद शान अरशद अली, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सालिक, मोहम्मद ईशाक, मासूम रजा, वसीम रजा, अबरार अंसारी आदि मौजूद रहे।



बराड़ा। तंदवाल में ईद की नमाज के बाद दुआ मांगते हुए नमाजी। फोटो: हरिभूमि

## देश में अमन-चैन और सौहार्द की दुआएं मांगीं

- लोगों ने मस्जिदों ईदगाहों में जाकर ईद की नमाज अदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

उपमंडल में ईद-उल-फितर का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। रमजान के पवित्र महीने के समापन के बाद शव्वाल का चांद दिखने के साथ ही इस खुशी के पर्व की शुरुआत हुई। ईद के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों और ईदगाहों में जाकर ईद की नमाज अदा की। साथ ही एक-दूसरे को गले लगकर इस त्यौहार की बधाई दी।

### ईद पर दिखी रौनक

ईद के मौके पर गांव बराड़ा, तंदवाल, जलुबी, मुलाना व आस पास के इलाकों में ईद की रौनक देखने को मिली। ईद की नमाज के बाद लोग अपने घरों में स्वादिष्ट पकवानों, खासकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाते नजर आए। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी नए कपड़ों में सजे-धजे अपनों से मिलने और ईदी बांटने में व्यस्त रहे। ईद-उल-फितर के मौके पर लोगों ने देश में अमन-चैन और आपसी सौहार्द की दुआएं मांगीं। इस त्योहार ने एक बार फिर भाइचारे, प्रेम और एकता का संदेश दिया। कस्बे के बाजार में भी रौनक रही जहां लोग ईद की खरीदारी और उत्सव की तैयारियों में जुटे दिखे। ईद उल फितर का त्यौहार रमजान महीने के अंत में मनाया जाता है। यह रमजान के एक महीने तक उपवासी रहने के बाद खुशी और आभार के रूप में मनाया जाता है। रमजान एक पाक महीना होता है जिसमें मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त पर रहते हैं। सुबह सहरी खाकर रोजा रखते है और शाम को इफ्तारी कर रोजा खोलते हैं। रात में नमाज में तराबीह पढ़ते है। इस महीने में उपवास का उद्देश्य आत्मनियंत्रण, संयम, और ईश्वर के प्रति श्रद्धा को बढ़ाना होता है। ईद उल फितर के दिन मुसलमान अपने गरीब और जरूरतमंद भाई-बहनों को ज़कातुल फितर (दान) देकर उनकी मदद करते हैं।

---

## कई विभागों का औचक निरीक्षण

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बोले बच्चों को खाना परोसने से पहले खुद चखकर देखे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने सोमवार को जिले के विभिन्न सरकारी विभागों का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ बाल सुधार गृह का भी निरीक्षण किया जिसमें सभी बच्चों के साथ बातचीत सत्र आयोजित किया गया और बच्चों के समग्र विकास के लिए दी गई सेवाओं और गतिविधियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान सुधार गृह में राशन सामग्री, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। बच्चों को जो खाना दिया जाता है उसको सफाई के साथ बेहतर तरीके से बनाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय अधिकारियों द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हित में बहुमूल्य सुझाव भी दिए गए। जिसमें विशेष तौर पर बच्चों के केसों की पैरवी करने हेतु सरकारी वकील बारे बच्चों को जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान खेल गतिविधियां बढ़ाने बारे, रोजगार प्रदान करने का प्रशिक्षण देने बारे स्टाफ को निर्देश दिए गए।



अंबाला। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर हेल्थ विभाग में औचक निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- न्यू सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

न्यू सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल नगला राजपूतान में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया । इस वर्ष समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉक्टर पवन कुमार सैनी प्र रहे। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी एवं मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल के मेधावी व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल क्षेत्र में राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रहे 48 बच्चों को भी मुख्य अतिथि व जिला रेड क्रॉस सोसायटी प्रोग्राम ऑफिसर मनोज कुमार सैनी, वाइस प्रिंसिपल अमिता सैनी , चीफ एडवाइजर रेणू सैनी , एमडी भूषण सैनी व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इन सभी बच्चों के अभिभावकों को प्रधानाचार्य ने बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सैनी ने अभिभाषण के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई में रुचि, समय की कीमत, भारत के महान व्यक्तियों का परिचय, चैत्र के नवरात्रों की बधाई दी।





नारायणगढ़। वार्षिक समारोह में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते छात्र।

### सफलतापूर्वक समापन

इसके साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य करम सिंह सैनी ने भी अपने अभिभाषण के माध्यम से उत्कृष्ट रहे बच्चों का हौसला बढ़ाया और भविष्य में किस प्रकार से अपने जीवन में ओर आगे बढ़ा जाए इसके लिए मार्गदर्शन दिया। बच्चों को देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों व प्रसिद्ध व्यक्तियों के जीवन के बारे में बताकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का हैप्पी एंडिंग गीत के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ।

---

### पता पूछने के बहाने महिला से ठगी

**अंबाला।** देवी नगर में एक बुजुर्ग महिला से ने सोने की चेन कड़े व अंगूठी ठग ली। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है। मेरठ की रहने वाली दर्शना देवी ने बताया कि वह अपनी बेटी के पास अंबाला शहर के काजीवाड़ा में आई थी। रविवार को वह देवी नगर में सत्संग में गई थी। जब वह सत्संग से लौटी तो गुरुद्वारा पास उन्हें एक युवक मिला और राधा स्वामी आश्रम का पता पूछने के बहाने अपनी बातों में उलझा लिया। इसके बाद वहां पर एक अन्य आदमी व एक औरत भी पहुंच गए। महिला ने दूसरे युवक की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यह बहुत पहुंचे हुए बाबा हैं। अपनी बातों में उलझा कर सारे गहने उतरवा दिए और पोटली में बांधकर दे दिए। महिला ने जब घर जाकर पोटली खोली तो देखा उसमें नकली गहने थे।

## सरकारी स्कूलों में दाखिले का अनुरोध किया

- अभियान शुरू, दो गांवों में ग्रामीणों को किया जागरुक
- एसएमसी सदस्यों ने दाखिला बढ़ाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रिंसिपल डाइट मोहड़ा सुधीर कालड़ा के आदेश पर सरकारी स्कूलों में दाखिला बढाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। डाइट मोहड़ा से डॉ. पवन कुमार व डॉ. साधना ने सीआरसी लाहा के अन्तर्गत आने वाले गांव खानपुर राजपुताना व गांव लाहा के सरकारी स्कूलों में सरपंच, एसएमसी सदस्यों, ग्राम पंचायत के सदस्यों व अभिभावकों से मुलाकात कर सभी लोगों को बच्चों का सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाने हेतु प्रेरित किया। दोनों ने ग्रामीणों को सरकारी स्कूलों में सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी स्कूलों में दाखिला, किताबें, नोट बुक्स, ड्रेस, शिक्षा, खाना व उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षकों द्वारा गुणात्मक शिक्षा दी जाती है। सरपंच गांव खानपुर राजपुताना अमरजीत कौर, सरपंच गांव लाहा रोनी, अमनदीप कौर, सुरजीत सिंह, रूकसाना, नीलम रानी, रजवंत कौर, प्रवेश कुमार व अन्य ग्रामीणों से गांव के सरकारी स्कूल में दाखिला बढाने हेतू अनुरोध किया। ग्राम पंचायत के सदस्यों व एसएमसी सदस्यों ने अधिकारियों को गांव के सरकारी स्कूलों में दाखिला बढाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार, रीना देवी, शशी बाला, कविता गर्ग, पुष्प लता, वंदना, कौशल्या देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



नारायणगढ़। सरकारी स्कूल में दाखिला बढाने के लिए लोगों को जागरूक करते हुए शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में जिला सर्कल सैनी सभा ने लगाया भंडारा, पदाधिकारियों ने किया वितरण

**अंबाला।** चैत्र नवरात्रों के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अंबाला सर्कल सैनी सभा की ओर से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व सैनी सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सैनी भवन में स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव दरबार में विधिवत पूजन किया गया। तत्पश्चात सभा प्रधान सतीश सैनी एवं सेक्रेटरी सर्वजीत सैनी के नेतृत्व में भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रधान सतीश सैनी ने कहा कि चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में हर वर्ष सैनी सभा की ओर से भंडारे की सेवा का कार्य किया जाता है। जिसमें सभा के सभी सदस्य बड़ी ही श्रद्धापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। पर पूर्व प्रधान ठाकुर सैनी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद सैनी, मैनेजर देवीचंद सैनी, रामचंद्र सैनी, निर्मल सिंह, केहर सैनी, दीपक सैनी, अनिल सैनी सहित भारी संख्या में सैनी समाज के सदस्य मौजूद रहे।



अंबाला। भंडारे का वितरण करते सैनी सभा के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

---

## नारी का शिक्षित होना जरुरी

- राजकीय महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यानों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

राजकीय कालेज में विस्तार व्याख्यानों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. पुष्पा रही जोकि कुरुक्षेत्र विवि की हिंदी विभाग एवं डीन कला संकाय की अध्यक्ष भी हैं।निजी विवि के खेल निदेशक महेश जेटली ने भी छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स दिए। प्राचार्य ने मुख्य वक्ता डॉ. पुष्पा व महेश जेटली का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि नारी शिक्षा का महत्व बहुत अधिक है क्योंकि यह महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। इसके साथ ही छात्राओं के लिए खेलों का भी एक बड़ा महत्व है। डॉ. पुष्पा ने कहा कि साहित्य, समाज का दर्पण और दीपक दोनों है जो इतिहास, संस्कृति और मूल्यों को दर्शाता है और समाज में सुधार के लिए चेतना जगाता हैं। साहित्य की प्रवृतियों समाज की प्रवृतियों का प्रतिबिंब होती हैं। मुख्य वक्ता महेश जेटली ने विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स की जानकारी देते कहा कि कि शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने से मस्तिष्क की गतिविधि उत्तेजित होती है जिससे कई संज्ञानात्मक लाभ होते हैं। यह न केवल स्मृति प्रतिधारण और एकाग्रता को बढ़ाता है बल्कि यह शैक्षणिक प्रदर्शन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

### विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर सुभाष कुमार एवं इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीव कुमार ने मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं विषयों पर चर्चा के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें प्रथम स्थान पर पूजा, द्वितीय स्थान पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान पर हिमांशु बीए द्वितीय वर्ष रहे। विजेता विद्यार्थियों को नगद को पुरस्कार देकर पुरस्कृत एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ समिति, इतिहास विभाग एवं स्पोर्ट्स समीति के सदस्य प्रोफेसर नरेश कुमार, प्रोफेसर मृदुल, डॉ सतीश कुमार, डॉ. बलदेव, प्रो. प्रवीन कुमार, प्रो.इंदु धीमान, प्रो.सपना सैनी ने सहयोग दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर संजीव कुमार, डॉ. अपूर्वा चावला, डॉ. स्वर्णजीत उपस्थित रहे।

विवि की ओर से जिंदगी बने आसान विषय पर कार्यक्रम

## स्वीटनेस जीवन को आसान बनाने का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि की ओर से जिंदगी बने आसान/" विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंबाला सब ज़ोन की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रहमाकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम बीपीएस प्लेनेटेरियम में आयोजित हुआ।

अध्यात्मिक वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई ने कहा जीवन को आसान बनाने के लिए अपनी नेचर को आसान बनाना है। जितना ईज़ी हमारा नेचर होगा हमारे जीवन में उतनी ही सरलता सहजता आएगी। जीवन में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करना बहुत सहज लगेगा। अध्यात्म का अर्थ परमात्मा के समीप अपने को पहुंचाना है। जो कुछ भी हमारे पास है, वह सब प्रभु की देन है। हमारा नाम बहुत हो रहा है, हमें बहुत मान शान मिल रहा है। उसे प्रभु में लगा दे, उस मान शान का स्वयं में अहंकार न आने दे। जो झुक कर चले वही महान। सुख, शांति, प्रेम आपके परिवार की शोभा बन जाए। संकल्प करना मुझे अपने घर में खुशियां बिखेरनी है।



अंबाला। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सूरज भाई व बीके बहनें।

### सुख, शांति, प्रेम आपके परिवार की शोभा बने

माउंटआबू से पधारी राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा हम भगवान से अपेक्षा रखते है। है प्रभु मेरे में जो अवगुण है, कमी कमजोरी है, वह अपने चित में मत रखो लेकिन हम खुद क्या कर रहे हैं। कितनों के अवगुण, कितनो की कमी कमजोरी अपने पवित्र गंगाजल जैसे मन में भरकर रखी है। दिनोदिन अंदर ही अंदर उसमें बदबू पैदा हो रही है जिससे हमारे मानसिक रोग बढ़ते जा रहे हैं। स्वीकार करो अगर किसी के साथ हमारे संस्कार नहीं मिलते तो जरूर ही उनसे हमारी कुछ पिछले जन्मों के कर्मों की गति है। उन्होंने एक सच्ची घटना बताते बताया कि एक माता उनके पास आई उसने कहा मेरा बेटा 15 साल का है। मैं उसके जन्म से ही बहुत अशांत रहती हूं। मैंने बहुत बार उसे मारने का प्रयास किया। खुद भी मरने का प्रयास किया लेकिन मैं उसमें असफल रही। यही है कर्मों की ग्रुहीय गति, हमें कर्मों की गति को स्वीकार कर हर व्यक्ति के व्यवहार को स्वीकार करना है।